# राज्यपाल हरचिंदन को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस से डी. लिट. की मानद उपाधि

## चर्चा में क्यों?

25 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्विभूषण हरचिंदन को भुवनेश्वर के कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस ने डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान की है।

## प्रमुख बिंदु

- यह उपाधि उन्हें ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास के हाथों से प्रदान की गई। राज्यपाल विश्विभूषण हरचिंदन को यह सम्मान सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के माध्यम से उल्लेखनीय जन सेवा के लिये दिया गया है।
- गौरतलब है कि विश्विभूषण हरचिंदन ने 23 फ़रवरी, 2023 को राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में छत्तीसगढ़ के नौवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में नियुक्त होने से पहले हरचिंदन ने पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्य किया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरूप कुमार गोस्वामी ने हरचिंदन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अनुसुइया उईके की जगह ली है।




KALINGA INSTITUTE OF SOCIAL SCIENCES
Deemed to be University
D.Litt. (Honoris Causa)
Most Distinguished
Shri Biswabhusan Harichandan

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/honorary-degree-of-d-litt-from-kalinga-institute-of-social-science-to-governor-harichandan